# कार्यालय समन्वयक

## राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर (राज.)

**प्री टीचर एज्यूकेशन टेस्ट एवं 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी. बी.एड.–2019**

### जयपुर रोड़, बीकानेर (राज.)

website: www.ptet2019.net www.ptet2019.org दूरभाष नं. : 0151- 2528034, 2528035

### अधिसूचना संख्या–01/2019 दिनांक– 09/02/2019

राजस्थान राज्य में स्थित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में **सत्र 2019–2020** के लिए बी.एड. पाठ्यक्रम तथा राजस्थान राज्य में स्थित विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित 4 वर्षीय इन्टीग्रेटेड बी.ए. बी.एड. एवं बी.एससी. बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय, राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमानुसार होने वाले **प्री टीचर एज्यूकेशन टेस्ट (पीटीईटी) –2019** एवं **प्री बी.ए. बी.एड./बी.एससी. बी.एड. टेस्ट–2019** के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**पात्रताः**

1. **प्री टीचर एज्युकेशन टेस्ट (पी.टी.ई.टी.) 2019:** विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण, जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो एवं पीटीईटी वेब–साईट पर उपलब्ध दिशा निर्देशिका में उल्लेखित प्रवेश–अर्हताओं की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं। स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा में राज्य सरकार के नियमों के अनुरूप सामान्य वर्ग हेतु **न्यूनतम 50 प्रतिशत**, **राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग तथा विधवा/तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत** अंक अनिवार्य हैं।
2. **प्री. बी.ए.बी.एड./बी.एससी. बी.एड. टेस्ट 2019:** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान से सीनियर सैकण्डरी परीक्षा (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा में राज्य सरकार के नियमों के अनुरूप सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए **न्यूनतम 50 प्रतिशत**, **राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग तथा विधवा/तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत** अंक अनिवार्य हैं।

**उपरोक्त दोनों परीक्षाओं हेतु वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा** एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा। पात्रता परीक्षा में इस वर्ष बैठने वाले विद्यार्थी भी **पीटीईटी एवं बी.ए.बी.एड./बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2019** के लिए आवेदन कर सकते हैं **बशर्ते उनके कॉउन्सलिंग में भाग लेने के लिए कॉउन्सलिंग रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि तक प्रवेश हेतु पात्रता प्रदान करने वाली परीक्षा का परिणाम पात्रता प्राप्तांक सहित आ चुका हो तथा अंक तालिका पात्रता प्राप्तांक सहित उनके पास हो**। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थियों से महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय अन्य किसी प्रकार का प्रोविजनल प्रमाण–पत्र अथवा समाचार पत्र में घोषित परिणाम या इंटरनेट से जारी अंकतालिका आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं **कॉउन्सलिंग रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि के पश्चात पात्रता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी इस सत्र में प्रवेश हेतु पात्र नहीं माने जायेंगे चाहे कारण कोई भी रहा हो। आवेदन एवं प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैः–**

| क्रं.सं. | विवरण | महत्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | **ऑन–लाईन आवेदन–पत्रों की उपलब्धता** | **गुरूवार 14 फरवरी, 2019 से** |
| 2 | **परीक्षा शुल्क की अंतिम तिथि** | **शुक्रवार 15 मार्च, 2019 तक** |
| 3 | **ऑन–लाईन आवेदन–पत्र भरने की अंतिम तिथि** | **सोमवार 18 मार्च, 2019 तक** |
| 4 | **प्रवेश परीक्षा** | **रविवार 12 मई, 2019** |

**आरक्षणः राजस्थान राज्य के** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, विकलांग, सैनिकों व उनके आश्रितों, तलाकशुदा/विधवा महिलाओं व टाडा, माडा, सहरिया क्षेत्र (सहरिया जाति) के निवासियों को राज्य सरकार के नियमानुसार सीटों में आरक्षण उपलब्ध होगा। विस्तृत दिशा–निर्देश एवं अन्य सूचनाएँ वेब–साईट पर उपलब्ध हैं, आवेदक आवेदन करने से पूर्व उनका गहन अध्ययन करें।

ऑन लाईन आवेदन–पत्र, भरने की प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाईट **www.ptet2019.net** एवं **www.ptet2019.org** पर उपलब्ध होंगे।

**आवेदन प्रक्रियाः– On-line Application Form** उपरोक्त वर्णित वैबसाईट के माध्यम से लिये जाएगें, जिन्हें अभ्यर्थी साईबर कैफे या स्वयं के कम्प्यूटर द्वारा भर सकेंगे। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पूर्व वैबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों को भली भाँति पढ़ लेवें। **हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र किसी भी रूप मे स्वीकार नहीं किए जाएंगे**।

अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क राशि रू. 500/– का भुगतान ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नैट बैंकिंग अथवा ई–मित्र से कर सकेंगें तथा सफलता पूर्वक ऑनलाईन भुगतान के पश्चात् अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्रिन्ट कर सकेंगे।

यदि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान नकद करना चाहते हैं तो वे फार्म भरने के बाद प्राप्त पेमेन्ट इन्वाईस के माध्यम से ई–मित्र की किसी भी शाखा में नकद जमा करवा सकेंगे। ई–मित्र के किसी भी काउन्टर में शुल्क जमा करवाने के अगले दिन अपने आवेदन पत्र का प्रिन्ट प्राप्त कर सकेंगे।

ऑनलाईन भुगतान अथवा चालान के द्वारा आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् भी यदि आवेदन पत्र का प्रिन्ट नहीं निकलता है तो निर्धारित अवधि में कार्यालय के दूरभाष पर सम्पर्क करें।

**ऑनलाईन आवेदन पत्रः–**ऑनलाईन आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानी पूर्वक भर कर उसका प्रिन्ट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं आवश्यक प्रमाण–पत्रों की सत्यापित छायाप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रख लें जिन्हें काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाना आवश्यक है। ऑनलाईन आवेदन के समय चयन किये गये जिलों पर ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र आवंटन में समन्वयक पी.टी.ई.टी. एवं 4 वर्षीय बी.ए. बी.एड./बी.एससी. बी.एड. 2019 का निर्णय अंतिम होगा।

**नोटः–** परीक्षार्थी अपना मोबाईल नम्बर सही भरें ताकि परीक्षा संबंधित सूचना एस.एम.एस. (SMS) के माध्यम से संबंधित मोबाईल नम्बर पर यथासंभव दी जा सके। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूर्ण पता मय पिनकोड के आवेदन पत्र में सही अंकित करें ताकि आवश्यकतानुसार पत्राचार किया जा सके

**कार्यालय समय :** कार्य दिवस पर : सायं 4.30 बजे से रात्रि 8.00 बजे एवं अवकाश (रविवार/राजपत्रित अवकाश) के दिन प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक।

**समन्वयक, पीटीईटी एवं 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी. बी.एड.–2019**